# गोविंदा आने वाला है | by Kumar Vaibhav

करलो तैयारी स्वागत की गोविंदा आने वाला है
गोविंदा आने वाला है, गोपाला आने वाला है
करलो तैयारी ..........

फूलों से गलियां सजवाओ
मटके में माखन भरवाओ
ग्वालो बालों को संग लाकर
वो रास रचाने वाला है
करलो तैयारी ..........

छलिया ऐसा चितचोर कहाँ
इसके जैसा कोई और कहाँ
अधरों पर रखकर मुरली की
कोई तान सुनाने वाला है
करलो तैयारी ..........

वो नटवर नागर गिरधारी
सूरत पे जाऊं बलिहारी
वैभव बेरंगी दुनिया में
वो रंग जमाने वाला है
करलो तैयारी ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-kumar-vaibhav/